पत्रिका

100 रूपए का नोट संभलकर लें, नकली नोट छापने वाले पकड़ाए, छापते थे 100-100 के नकली नोट

500 का नोट तो अक्सर लेन-देन करते वक्त चेक करता है लेकिन 100 रूपए का नोट कोई चेक नहीं करता। इसी बात का फायदा उठाते हुए दो पढ़े लिखे युवक जाली नोट छापने लगे। दोनों युवक सिर्फ 100 रूपए का ही नकली नोट कलर प्रिंटर के जरिए छापते थे। मामला भोपाल का है जहां मंगलवार को जब दोनों युवकों को क्राइम ब्रांच टीम ने पकड़ा तो इनके पास से 45 जाली नोट बरामद हुए ये सभी नोट 100-100 रुपए के हैं।

100 रूपए के नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार को दो युवकों को पकड़ा है इनके पास से 100 रूपए के 45 नकली नोट जब्त किए गए हैं। दोनों युवकों के नाम विकास

साहू और विशाल साहू हैं जो कि भोपाल के ही रहने वाले हैं और पढ़े लिखे हैं। एक इंजीनियर है जबकि दूसरा एमबीए। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी की दो युवक मार्केट में 100 रूपए के नकली नट चलाने की फिराक में हैं इस आधार पर दोनों युवकों को पकड़ा गया है। आरोपियों ने बताया है कि वो कलर प्रिंटर के जरिए नकली नोट छापते थे।

Source: https://www.patrika.com/bhopal-news/crime-branch-caught-two-youths-who-printed-fake-100-rupee-notes-18677018